No. Niirncd/st/tender/Chartered Accountant/2022
Dated 10.02.2022

Cost of Tender Document Rs. 500/-

# TENDER DOCUMENT

# FOR

# HIRING OF CHARTERED ACCOUNTANTANCY FIRM FOR AUDITING, ITR AND RELATED SERVICE

# AT

## NATIONAL INSTITUTE FOR IMPLEMENTATION RESEARCH ON NON-COMMUNICABLE DISEASE, JODHPUR

## Time schedule for tender process:

| | |
|---|---|
| Date of publication of tender notification on official website and CPP portal | 10.02.2022 |
| Last date for Submission of tender document | **03.03.2022 at 5:30 PM** |
| Date and Time of Bid opening | **04.03.2022 at 11:00 AM** |
| Pre Bid Meeting | **16.02.2022 at 11:00 AM** |
| Place of Bid Submission | **ICMR-NIIRNCD, JODHPUR** |

- ***Note: This tender document contains 15 pages (total no. of pages including Annexures) and tenderers are requested to sign on all the pages.***
- ***Only Physical bid addressed to Director, NIIRNCD, Jodhpur will be accepted.***
- ***In case of discrepancies in English and Hindi version, Bidders are advised to follow English version.***

## INTRODUCTION:

The National Institute for Implementation Research in Non Communicable Diseases came into existence on 07th December 2019. The institute is located in Jodhpur and it replaces the erstwhile Desert Medicine Research Centre. The institute has state of the art facility to conduct basic laboratory based research in its microbiology, biochemistry and vector biology laboratories. The institute is acquiring personnel and facilities for strengthening its capacity for conducting implementation research in non- communicable diseases. At present, the institute has a set of 10 dedicated scientists, 9 technical experts, ably supported by 28 administrative and support staff. The thrust areas of research are cardiovascular diseases, chronic respiratory diseases, environmental health, nutritional disorders, cancers, injury & trauma, mental illnesses including substance abuse, genetic diseases and other non-communicable diseases of public health significance in India. The institute aspires to carry out implementation research in the thrust areas, provide training for capacity building in implementation research in other academic and research institutions, develop behavior change communication materials and models for tackling risk factors of various non communicable diseases. The institute heartily welcomes collaboration with institutions and individuals with interest in augmenting the thrust areas.

## NOTICE INVITING TENDER:

**FOR SELECTION OF AGENCY/INDIVIDUAL FOR PROVIDING AUDITING, ITR AND RELATED SERVICE AT NIIRNCD, JODHPUR**.

The Director, National Institute for Implementation Research on Non-Communicable Diseases, Jodhpur (NIIRNCD, JODHPUR) invites tenders in sealed cover under two-bid system from reputed and experienced agencies for this service as per requirements through website https://niirncd.icmr.org.in/ https://icmr.gov.in/ and CPP Portal https://eprocure.gov.in/ . Any future clarification and/or corrigendum(s) shall be communicated through the website same

websites. The technical bid and the financial bid should be sealed by the bidder/service providers in separate covers duly super-scribed and both these sealed covers are to be put in a bigger cover which should also be sealed and duly super-scribed on the outer envelope must be super-scribed "Tender for HIRING OF CHARTERED ACCOUNTANTANCY FIRM FOR AUDITING, ITR AND RELATED SERVICE at NIIRNCD, JODHPUR".

**SCOPE OF WORK**

The selected agency/firm will provide following services as per requirement:-

1. Form-16 and Form 16-A for company/Non Company Challan.
2. TDS/GST Challan for Company/Non Company.
3. Submission of Income Tax Return.
4. Quarterly/Half Yearly/Annually GST/TDS/Income tax file.
5. Creation of Digital Signatory Certificate (DSC) and extension.
6. UC and SOE Verification of projects.
7. Verification of Half Yearly/Annual Account of Office as well as projects.

**TERMS & CONDITIONS FOR PRE QUALIFICATIONS (TECHNICAL BID):-**

1. Bidder's Profile (As in Annexure I) and Declarations/Letters as in Annexure-II to V.
2. The Chartered Accountant firm must be registered with the Institute of Chartered Accountants of India (ICAI)
3. The Chartered Accountant firm should have been empanelled with the comptroller and Auditor General of India (C&AG)
4. The bidder should have a registered Office for similar services at Jodhpur, Rajasthan
5. At least one partner of the firm, must have DISA/CISA qualification.
6. Self attested valid copy of CA certificate with the last three year balance sheet, Income Tax Returns and turnovers.
7. Detailed company profile with at least 3 (Three) years experience in the similar field of in Central Government/ State Government organizations /Government of PSUs/ Undertaking /Organizations with documentary evidence & Client List. The copies of experience certificate duly issued by the competent authority should be enclosed. No work order shall be considered.
8. Detail of Bank Account with Name of bank with address , Account Holder Name, Account Number, IFSC code etc.
9. Demand Draft of Rs. 500/ for tender fee. (NO Exemption)

***Note: All qualifications as mentioned in clauses 1 to 09 should be supported by sufficient documentary proof in technical Bid document, without which the claim of Tenderer for the prescribed qualification shall not be considered.***

**General terms and conditions**

1. The tender must reach at following address on or before **03.03.2022 at 05:30 PM**

   **The Director**

   **National Institute for Implementation Research on Non-communicable Diseases (ICMR-NIIRNCD), New Pali Road, Jodhpur-342005.**
2. The technical bids will be opened by the Concerned Committee on **04.03.2022 at 11:00 AM** in the presence of representatives of the bidders. At the second stage, financial bids of the technically qualified Bidders will be opened for further evaluation and ranking before awarding the contract.
3. ICMR-NIIRNCD reserves the right to cancel the bids without assigning any reason.
4. The bidder has to quote for all types/categories as per Annexure-A.
5. **The selection would be done on basis of lowest rates for all the works collectively and ICMR-NIIRNCD Jodhpur will award the contract accordingly.**
6. After due evaluation of the bid(s) ICMR-NIIRNCD Jodhpur will award the contract to the lowest evaluated responsive tenderer. Conditional bid will be treated as unresponsive and will be rejected.
7. The tender is not transferable. Only one tender shall be submitted by one bidder.
8. The contract is valid for providing services of chartered accountancy firm for auditing, ITR and related service only at no point of time any or all of the Staff of service provider shall raise a claim for employment in the ICMR-NIIRNCD.
9. The contractor will give service in 3 to 4 hours but it has to be given in maximum of 3 days.
10. **Earnest Money:**
11. The tenderer needs to deposit an amount of Rs. 15000/-(Rupees Fifteen thousand only) in the form of Demand Draft in favour of Director, National Institute for Implementation Research

on Non-Communicable Diseases,, Jodhpur as earnest money (EMD) at the time of submission of tender. The earnest money (EMD) of unsuccessful tenderer will be returned.

12. **Exemption in EMD :-**

All bidders shall have to deposit the EMD amount except Micro and Small Enterprises (MSEs) as defined in the MSE Procurement Policy issued by Department of Micro, Small Medium Enterprises (MSME) or are registered with the Central Purchase Organisation or concerned Ministry of Department or Startups as recognized by Department of Industrial Policy & Promotion (DIPP) in term of Department of Expenditure (DoE), Ministry of Finance's OM No. F.20/2/2014-PPD (Pt.) dated 25.07.2017. For availing exemption, the concerned firm/agency shall have to submit Valid Registration Certificate with the Tender Document failing which it will not be considered for exemption.

13. **Security Deposit:**

The successful bidder will be required to furnish an amount @ 3% of Total Estimated Annual Contract Value (inclusive of GST) Rs. 15000 (Rupees fifteen thousand only)as a performance security in the form of Bank Guarantee from any Nationalized Bank duly pledged in the name of the **"Director, National Institute for Implementation Research on Non-Communicable Diseases,"** payable at Jodhpur within 30 days from the award of contract. Security Deposit shall be kept valid for a period of 60 days beyond completion of all the contractual obligations. The Performance security deposit can be forfeited by order of this Institute in the event of any breach or negligence or non–observance of any condition of contract or for unsatisfactory performance or non – observance of any condition of the contract. In case, the successful bidder shows inability at any stage, after the contract is finalized and awarded for whatsoe0ver reason(s), to honour the contract, the Performance Security deposit will be forfeited. Performance Security will be discharged after 60 days from the completion of contractor's performance obligations under the contract. No interest on Security Deposit and Earnest Money Deposit shall be paid by the NIIR-NCD to the bidder.

**13. Forfeiture of Security Deposit**

13.1 The Fixed deposit Receipt / Bank Guarantee / demand draft can be forfeited by order of the competent authority in the event of any breach or negligence or non-observance of any terms/condition of contract or for unsatisfactory performance or for non-acceptance of the work order. On expiry of the contract, such portion of the said Fixed deposit Receipt/Bank Guarantee/demand draft as may be considered by this office, sufficient to cover any incorrect or excess payments made on the bills to the firm, shall

be retained until the final audit report on the account of firm's bill has been received and examined.

13.2 If the work is not commenced on the date of starting the work after work is awarded to the contractor.

13.3 Unsatisfactory performance

13.4 Non-performance of the contractor.

14. **Penalties:**

14.1 In case of breach of any conditions of the contract and for all type of losses caused in the event of Contractor failing to provide requisitioned service to competent authority shall make deductions at double the rate of concerned rate on pro-rata basis from the bills claimed by the Contractor or that may become due to the contractor under this or any other contract or from the security deposit or may be demanded from him to be paid within seven days to ICMR-NIIRNCD.

14.2 If the concerned Chartered Accountant of the contractor will not come to premises or not providing service within stipulated time of the order a penalty of Rs. 500/- per day will be imposed.

14.3 If the contractor will not provide quoted service within 7 days of the order a penalty of 0.5% per week will be imposed subject to maximum of 10% of the total order value.

14.4 In addition, penalties as per terms and conditions of this tender document are also applicable on case to case basis.

14.5 The powers of the competent authority under these conditions shall in no way affect or prejudice the powers in certain events to terminate the contract vested in him as herein provided nor forfeiture of deposit mentioned above.

15 . **Disclaimer:**

The near relatives of employees of this office are prohibited from participation in this tender. The near relatives for this purpose are defined as:-

(a) Members of a Hindu Undivided Family.

(b) Their husband or wife.

(c) The one is related to the other in the manner as father, mother, son(s), son's wife (daughter-in-law), Daughter(s) & daughter's husband (son-in-law), brother(s) & brother's wife, sister(s) and sister's husband (brother-in-law).

16 **Breach of Terms and Conditions:**

In case of breach of any of terms and conditions mentioned in this NIT, the competent authority will have the right to cancel the contract without assigning any reason thereof, and nothing will be payable by this office in that event and the security deposit in the form of Bank Guarantee/Demand Draft/ Fixed Deposit Receipt shall be encashed / forfeited including black listing of the contractor for a period as decided by the competent authority.

**17 . Subletting of Work:**

The firm/party shall not assign or sublet the work or any part of it to any other person or party without having first obtained permission in writing of the competent authority who will be at liberty either to refuse or accept the same.

18**. Terms of payment:**

18.1 No Payment shall be made in advance or any loan from any bank or financial institution shall be recommended on the basis of the order of award of work. Payment of bills would take about two weeks time on an average from the date of submission of the bill.

18.2 The contractor shall submit the bills at each stage/in the first week of following month in respect of previous month (in case of monthly payments) for sanction of the amount of bill and passing the bill for payment. The GST remittance, if any, in respect of the previous month may also be attached along with the current month's bill.

18.3 All payments shall be made by cheques/PFMS or as per rule only, in the name of the firm/company.

18.4 The competent authority shall be at liberty to withhold any of the payments in full or in part subject to recovery of penalties mentioned in preceding paragraph.

18.5 The term "payment" mentioned in this paragraph includes all types of payment due to the contractor arising on account of this contract excluding Earnest Money and Security Deposit governed by the separate clauses of the contract.

18.6 Transport allowance/daily allowance or any other type of allowance/charges will not be provided by ICMR-NIIRNCD. The contractor has to arrange at his own cost.

18.7 The bill in duplicate along with log book/work order duly signed and stamped by the user and should be sent to store/concerned section of ICMR-NIIRNCD for payment by 1st week of the following month.

18.8 No payment shall be made to contractor if service provided by him is unsatisfactory.

**19 . PERIOD OF THE CONTRACT:-**

19.1 The contract will be initially for a period of one year and may be extended on satisfactory performance of the agency for a period of another one year at the mutual consent and discretion of the Director, ICMR-NIIRNCD Jodhpur.

19.2 The contract is liable to be terminated after giving at least one month's notice in writing with reasons from either side in the normal course.

19.3 In case of unsatisfactory performance, the contract may be terminated at any time at the discretion of the Director.

19.4 Agreement shall be executed by the vendor immediately (within 1 Week) upon acceptance of the tender and receipt of orders from the ICMR-NIIRNCD.

**20 Contractors**

20.1. Contractor shall in no case lease/transfer/sublet/appoint caretaker for services.

20.2. The contractor shall be responsible for all communication with the officers. For this purpose he should have a proper office with telephones and personnel to take the calls.

20.3. Unsatisfactory or unprofessional behavior shall result in termination of the contract. Non-adherence to the quality of service and terms and conditions mentioned herein shall result in termination of the contract immediately, with encashment of the security deposit.

20.4. Contractor shall be directly responsible for any/all disputes arising between him and his personnel and keep this office indemnified against all actions, losses, damages, expenses and claims whatsoever arising thereof.

20.5. Contractor shall be solemnly responsible for payment of wages/salaries other benefits and allowances to his personnel that might become applicable under any Act or Order of the Govt. ICMR-NIIRNCD shall have no liability whatsoever in this regard.

20.6. The contractor shall be fully responsible for any loss or damage to the office staff due to his service/equipment and also liable to pay full compensation for any injury or any other loss to the affected.

20.7. The contractor must have trained and experienced Chartered Accountant for this service.

20.8. In case of violation of any of the terms and conditions mentioned in this tender document, competent authority reserves the right to terminate the contract immediately and award the same to the second lowest bidder (L2) or third lowest bidder (L3) at the rates of L1, depending on the situation. In such cases, no payments (pending or future) shall be released against the original contract.

**21. Prices**

21.1 Rates charged by the Service Provider for the services given under the contract shall not be higher than the rates quoted by the Service Provider in his bid.

21.2 No escalation is admissible on any account whatsoever.

22. The Content/event of amendment shall be notified through concerned websites and these amendments will be binding on all prospective bidders.

23. All disputes arising out of this contract shall be subjected to the jurisdiction of the Rajasthan High Court, Jodhpur only.

**Director**

ANNEXURE-I

**BIDDER'S PROFILE**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Tendering Company/ Firm / Agency (Attach certificate of registration) | |
| 2 | Type of firm i.e. Proprietorship / partnership or company registered under company act 1956 (Attach Self Attested copy) | |
| 3 | Name of proprietor / Director of Company/Firm/agency | |
| 4 | Full Address of Registered Office with Telephone No., FAX No. & E-Mail | |
| 5 | Full address of Operating/Branch Office with Telephone No., FAX No. & E-Mail | |
| 6 | PAN / GIR/TAN No (Attach Self Attested copy) | |
| 7 | GST Registration No. (Attach Self Attested copy) | |

8. Self-Attested copy of experience certificate / certificates issued by the competent authority for the satisfactory work carried out in supplying of Printing material to Central/State Government/ Public Sector companies for two year or more during the last five years. The summary of that can be tabulated in the given format in chronological order:-

| S.N. | Details of client along with address, telephone and FAX numbers | Amount of Contract (Rs. lakhs) | Experience certificate for the period | |
|---|---|---|---|---|
| | | | From | To |
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

(If the space provided is insufficient, a separate sheet may be attached)

9. Additional information, if any (Attach separate sheet, if required)

- Name:
- Date:
- Place:

•Signature of authorized person

• Seal:

ANNEXURE-II

**DECLARATION REGARDING BLACKLISTING/ NON-BLACKLISTING FROM TAKING PART IN GOVT.TENDER BY DOT/GOVT. DEPT**
**(On Bidder's Letter head)**

I / We Proprietor/ Partner(s)/ Director(s) of M/S.--------------------------------------------------------------------------------------------------------hereby declare that the firm/company namely M/S.-------------------------------------------------------------------------------has not been blacklisted or debarred in the past by NIIRNCD or any other Government organization from taking part in Government tenders.

Or

I / We Proprietor/ Partner(s)/ Director(s) of M/S.---------------------------------------------------------------------------------------------------------------------hereby declare that the firm/company namely M/S.-----------------------------------------------------------------------------was blacklisted or debarred by ICMR-NIIRNCD, or any other Government Department from taking part in Government tenders for a period of ----------years w.e.f.--------- --------. The period is over on ---------------- and now the firm/company is entitled to take part in Government tenders.

In case the above information found false I/We are fully aware that the tender/ contract will be rejected/cancelled by the Director, ICMR-NIIRNCD, Jodhpur and EMD/SD shall be forfeited.

In addition to the above, Director, ICMR-NIIRNCD, Jodhpur will not be bound to pay the bills for any completed / partially completed work.

Signature ---------------------------------
Date:
Name ---------------------------------

Seal of the firm should be affixed.
Capacity in which signed:
Name & address of the firm:

ANNEXURE-III

**DECLARATION**
**(On Bidder's Letter head)**

**FOR NO NEAR RELATIVE (S) OF THE CONTRACTOR WORKING IN ICMR-NIIRNCD, JODHPUR**

I……………………………………………S/O Sh…………………..................................
R/o………...............................................................hereby certify that none of my relative (s) as defined in the tender document is/are employed in ICMR-NIIRNCD, Jodhpur as per detail given below. In case at any stage, it is found that the information given by me is false/incorrect, NIIRNCD shall have the absolute right to take any action as deemed fit, without any prior intimation to me.

Signature of the tenderer with seal

The near relative (s) means:
a) Members of a Hindu Undivided family;
b) Spouse.
c) Father, mother, sister, Sister-in-law, Daughter, Daughter-in-law, brother, brother-in-law etc.

In case of proprietorship firm, certificate will be given by the proprietor, and in case of partnership firm, certificate will be given by all the partners and in case of Ltd. Company by all the Directors of the company or company secretary on behalf of all directors. Any breach of these conditions by the company or firm or any other person, the tender/work will be cancelled and earnest money/security deposit will be forfeited at any stage whenever it is so noticed. The department will not pay any damages to the company or firm or the concerned person. The company or firm or the persons will also be debarred for further participation in the concerned unit.

Place: Signature of tenderer/Authorized Signatory

Date:

Name of the Tenderer
Seal of the Tenderer

ANNEXURE-IV

**DECLARATION**
**(On Bidder's Letter head)**

FOR NON-TAMEPRING OF DOWNLOADED TENDER DOCUMENT FROM WEB SITE

I…………………………………….(authorized signatory) hereby declare that the tender document submitted has been downloaded from the website https://eprocure.gov.in/ https://niirncd.icmr.org.in/ https://icmr.gov.in/ and no addition / deletion / correction has been made in the downloaded document. I also declare that I have enclosed a DD for Rs……… towards the cost of tender document along with the EMD.

Place: Signature of tenderer/Authorized Signatory
Date:

Name of the Tenderer
Seal of the Tenderer

ANNEXURE-V

**DECLARATION**
**(On Bidder's Letter head)**

LETTER OF AUTHORISATION FOR ATTENDING THE OFFICE

To,
Director,
ICMR-NIIRNCD, New Pali Road,
Jodhpur, 342005

Sub: Authorization for attending the office on __________________ (date) in the Tender of ________________________

Sir,

Following person is authorized to attend the office for the tender mentioned above on behalf of ______________________________________ (Bidder).

Name of the Representative | Specimen Signature

1. ______________________ | __________________

Signature of the Bidder

(Maximum one representative will be permitted to attend the office. Permission for entry to the office may be refused in case authorization as prescribed above is not received.)

Annexure- A

# Financial Bid

**(On Bidder's Letter head)**

| S.No. | Item Name and Description | Rate per unit |
|---|---|---|
| 1. | Form-16 and Form 16-A for company/Non Company Challan. | |
| 2. | TDS/GST Challan for Company/Non Company. | |
| 3. | Submission of Income Tax/GST Return. | |
| 4. | Quarterly/Half Yearly/Annually GST/TDS/Income tax file. | |
| 5. | Creation of Digital Signatory Certificate (DSC) and extension. | |
| 6. | UC and SOE Verification of projects. | |
| 7. | Verification of Half Yearly/Annual Account of Office as well as projects. | |

All the rates should be inclusive of taxes and all type of other expenses. NIIRNCD will not pay other than above rates.

Signature and seal of bidder

Date:

Place:-

Name of the firm

Address

संख्या : एनआईआईआरएनसीडी/भण्डार/निविदा/चार्टर्ड अकाउंटेंट/2022

दिनांक : 10-02-2022

निविदा दस्तावेज की लागत रु. 500/-

# राष्ट्रीय असंचारी रोग कार्यान्वयन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में

# लेखा परीक्षा, आई.टी.आर. और संबंधित सेवा के लिए चार्टर्ड एकाउंटेंसी फर्म की सेवाएं लेने के लिए

# निविदा दस्तावेज़

**निविदा प्रक्रिया के लिए समय सारिणी:**

| | |
|---|---|
| आधिकारिक वेबसाइट और सीपीपी पोर्टल पर निविदा अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि | 10-02-2022 |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि | **दिनांक 03-03-2022 सांय 5:30 बजे** |
| बोली खोलने की तिथि और समय | **दिनांक 04-03-2022 प्रातः 11:00 बजे** |
| बोली-पूर्व बैठक | **16-02-2022 प्रात: 11:00 बजे** |
| बोली जमा करने का स्थान | **आई.सी.एम.आर.-एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी.), जोधपुर** |

- नोट: इस निविदा दस्तावेज में ***15*** पृष्ठ हैं (अनुलग्नकों सहित पृष्ठों की कुल संख्या) और निविदाकारों से सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर करने का अनुरोध है।
- निदेशक, एनआईआईआरएनसीडी, जोधपुर को संबोधित केवल भौतिक बोली ही स्वीकार की जाएगी।
- अंग्रेजी और हिंदी संस्करण में विसंगतियों के मामले में, बोलीदाताओं को अंग्रेजी संस्करण का अनुसरण करने की सलाह दी जाती है।

## परिचय:

राष्ट्रीय असंचारी रोग कार्यान्वयन अनुसंधान संस्थान 07 दिसंबर 2019 को अस्तित्व में आया। इसका पूर्ववर्ती नाम "मरुस्थलीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान केंद्र" था, जो बदल गया है। संस्थान के पास सूक्ष्म जीव विज्ञान, जैव रसायन और वेक्टर जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं में बुनियादी प्रयोगशाला आधारित अनुसंधान करने के लिए अत्याधुनिक सुविधा है। संस्थान असंचारी रोगों में कार्यान्वयन अनुसंधान करने के लिए अपनी क्षमता को सशक्त बनाने हेतु जनशक्ति और सुविधाएं प्राप्त कर रहा है। वर्तमान में, संस्थान में 10 समर्पित वैज्ञानिकों, 9 तकनीकी विशेषज्ञों का एक समूह है, जो 28 प्रशासनिक और सहायक कर्मचारियों द्वारा योग्यतापूर्वक समर्थित है। अनुसंधान के प्रमुख क्षेत्र भारत में जन स्वास्थ्य महत्व के हृदय रोग, सांस की पुरानी बीमारियां, पर्यावरणीय स्वास्थ्य, पोषण संबंधी विकार, कैंसर, चोट और आघात, मादक द्रव्यों के सेवन सहित मानसिक बीमारियां, आनुवंशिक रोग और अन्य असंचारी रोग हैं। संस्थान महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्यान्वयन अनुसंधान करने, अन्य शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों में कार्यान्वयन अनुसंधान के क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने, विभिन्न असंचारी रोगों के जोखिम कारकों से निपटने के लिए व्यवहार परिवर्तन संचार सामग्री और मॉडल विकसित करने की इच्छा रखता है। संस्थान इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों को आगे बढ़ाने में रुचि रखने वाले संस्थानों और व्यक्तियों के साथ सहभागिता के लिए हार्दिक स्वागत करता है।

## निविदा आमंत्रण सूचना:

**एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी., जोधपुर में लेखा परीक्षा, आई.टी.आर. और संबंधित सेवा प्रदान करने के लिए एजेंसी/व्यक्ति के चयन के लिए।**

निदेशक, राष्ट्रीय असंचारी रोग कार्यावयन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर (एनआईआईआरएनसीडी, जोधपुर) वेबसाइट https://niirncd.icmr.org.in/ और सीपीपी पोर्टल https://eprocure.gov.in/ के माध्यम से आवश्यकताओं के अनुसार प्रतिष्ठित और अनुभवी एजेंसियों से दो-बोली प्रणाली के तहत सीलबंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित करता है। भविष्य में किसी भी स्पष्टीकरण और/या शुद्धिपत्र को इन्हीं वेबसाइट के माध्यम से सूचित किया जाएगा।तकनीकी बोली और वित्तीय बोली को बोली लगाने वाले/सेवा प्रदाताओं द्वारा अलग-अलग लिफाफों में विधिवत ऊपर से सील किया जाना चाहिए और इन दोनों मुहरबंद लिफाफों को एक बड़े कवर में रखा जाना चाहिए जिसे सील भी किया जाना चाहिए और बाहरी लिफाफे पर विधिवत रूप से **"एनआईआईआरएनसीडी, जोधपुर में लेखा परीक्षा, आई.टी.आर. और संबंधित सेवा के लिए चार्टर्ड एकाउंटेंसी फर्म की सेवाएं लेने के लिए निविदा"** लिखा जाना चाहिए।

**कार्य-क्षेत्र**

चयनित एजेंसी/फर्म आवश्यकता के अनुसार निम्नलिखित सेवाएं प्रदान करेगी:-

1. कंपनी/गैर कंपनी चालान के लिए फॉर्म-16 और फॉर्म 16-ए।
2. कंपनी/गैर कंपनी के लिए टी.डी.एस./जी.एस.टी. चालान।
3. आयकर रिटर्न जमा करना।
4. तिमाही/अर्धवार्षिक/वार्षिक जी.एस.टी./टी.डी.एस./आयकर फाइल।
5. डिजिटल हस्ताक्षरकर्ता प्रमाणपत्र (डी.एस.सी.) और एक्सटेंशन तैयार करना।
6. उपयोग प्रमाण पत्र और परियोजनाओं के व्यय सत्यापन का विवरण।
7. कार्यालय के साथ-साथ परियोजनाओं के अर्धवार्षिक/वार्षिक खाते का सत्यापन।

**पूर्व योग्यता (तकनीकी बोली) के लिए नियम और शर्तें: -**

1. बोलीदाता की प्रोफाइल (अनुबंध I के अनुसार) और अनुबंध-II से V के अनुसार घोषणाएं/पत्र।
2. चार्टर्ड एकाउंटेंट फर्म को भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) के साथ पंजीकृत होना चाहिए।
3. चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म को भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (C&AG) के साथ सूचीबद्ध होना चाहिए।
4. बोलीदाता के पास जोधपुर, राजस्थान में ऐसी सेवाओं के लिए एक पंजीकृत कार्यालय होना चाहिए
5. फर्म के कम से कम एक भागीदार के पास DISA/CISA योग्यता होनी चाहिए।
6. पिछले तीन साल की बैलेंस शीट, इनकम टैक्स रिटर्न और टर्नओवर के साथ सीए सर्टिफिकेट की सेल्फ अटेस्टेड वैलिड कॉपी।
7. केंद्र सरकार/राज्य सरकार के संगठनों/सरकारी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/उपक्रमों/संगठनों में इस क्षेत्र में कम से कम 3 (तीन) वर्षों के अनुभव के साथ विस्तृत कंपनी प्रोफाइल और दस्तावेजी साक्ष्य और ग्राहक सूची। सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत जारी अनुभव प्रमाण पत्र की प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए। किसी भी कार्य आदेश पर विचार नहीं किया जाएगा।

8. बैंक का नाम, पता, खाता धारक का नाम, खाता संख्या, IFSC कोड आदि के साथ बैंक खाते का विवरण।
9. निविदा शुल्क के लिए 500 / रुपये का डिमांड ड्राफ्ट। (कोई छूट नहीं)

**नोट: खंड *1* से *09* में उल्लिखित सभी योग्यताएं तकनीकी बोली दस्तावेज में पर्याप्त दस्तावेजी प्रमाण द्वारा समर्थित होनी चाहिए, जिसके बिना निर्धारित योग्यता के लिए निविदाकर्ता के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**सामान्य नियम और शर्तें**

1. निविदा निम्नलिखित पते पर दिनांक *03-03-2022* को साय 5:30 बजे या उससे पहले पहुंच जानी चाहिए
   **निदेशक**
   **राष्ट्रीय असंचारी रोग कार्यान्वयन अनुसंधान संस्थान**
   **(आई.सी.एम.आर.-एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी.),**
   **नई पाली रोड, जोधपुर-342005**
2. तकनीकी बोलियां संबंधित समिति द्वारा दिनांक *04-03-2022* को प्रात: *11:00* बजे बोली लगाने वालों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी। दूसरे चरण में, तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाताओं की वित्तीय बोलियां अनुबंध देने से पहले आगे के मूल्यांकन और रैंकिंग के लिए खोली जाएंगी।
3. आई.सी.एम.आर.-एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी. बिना कोई कारण बताए बोलियों को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
4. बोलीदाता को अनुबंध-क के अनुसार सभी प्रकार/श्रेणियों के लिए दरें बतानी होंगी।
5. **चयन सामूहिक रूप से सभी कार्यों के लिए न्यूनतम दरों के आधार पर किया जाएगा और आई.सी.एम.आर.-एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी. जोधपुर तदनुसार अनुबंध प्रदान करेगा।**
6. बोली (बोलियों) के उचित मूल्यांकन के बाद, आई.सी.एम.आर.-एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी. जोधपुर सबसे कम मूल्यांकन वाले उत्तरदायी निविदाकार को अनुबंध प्रदान करेगा। सशर्त बोली को अनुत्तरदायी माना जाएगा और अस्वीकार कर दिया जाएगा।

7. निविदा हस्तांतरणीय नहीं है। एक बोलीदाता द्वारा केवल एक निविदा प्रस्तुत की जाएगी।
8. अनुबंध केवल ऑडिटिंग, आईटीआर और संबंधित सेवा के लिए चार्टर्ड एकाउंटेंसी फर्म की सेवाएं प्रदान करने के लिए वैध है, किसी भी समय सेवा प्रदाता के कोई भी या सभी कर्मचारी आई.सी.एम.आर.-एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी. में रोजगार के लिए दावा नहीं करेंगे।
9. ठेकेदार 3 से 4 घंटे में सर्विस देगा लेकिन उसे ज्यादा से ज्यादा 3 दिन में देना होगा।

**10. बयाना राशि:**

11. निविदाकर्ता को निविदा जमा करते समय बयाना राशि (ई.एम.डी.) के रूप में डारेक्टर, नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर इम्प्लीमेंटेशन रिसर्च ऑन नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज, जोधपुर के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में 15000/- रुपये (पंद्रह हजार रुपये मात्र) की राशि जमा करने की आवश्यकता है। असफल निविदाकर्ता की बयाना राशि (ई.एम.डी.) वापस कर दी जाएगी।

**12. बोली सुरक्षा घोषणा में छूट:-**

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग (एम.एस.एम.`ई.) द्वारा जारी एम.एस.ई. खरीद नीति में परिभाषित सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एम.एस.ई.) को छोड़कर या जो व्यय विभाग,, वित्त मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन सं. F.20/2/2014-PPD (Pt.) दिनांक 25.07.2017 के तहत औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (डी.आई.पी.पी.) द्वारा मान्यता प्राप्त केंद्रीय खरीद संगठन या संबंधित मंत्रालय या विभाग या स्टार्टअप के साथ पंजीकृत हैं; को छोड़कर; सभी बोलीदाताओं को बोली सुरक्षा घोषणा जमा करनी होगी। छूट प्राप्त करने के लिए, संबंधित फर्म/एजेंसी को निविदा दस्तावेज के साथ वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, ऐसा न करने पर छूट के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

**13. जमानत राशि :**

सफल बोलीदाता को अनुबंध प्रदान करने के 30 दिनों के अंदर कार्य निष्पादन सुरक्षा जमा (जमानत राशि) के तौर पर "निदेशक, राष्ट्रीय असंचारी रोग कार्यान्वयन अनुसंधान संस्थान" के नाम पर जोधपुर में देय किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक गारंटी के रूप में विधिवत गिरवी रखी गई कुल अनुमानित वार्षिक अनुबंध मूल्य (जीएसटी सहित) के 3% की दर से 15000 (पंद्रह हजार रुपये मात्र) की राशि प्रस्तुत करनी होगी। जमानत राशि सभी संविदात्मक दायित्वों के पूरा होने के बाद की तिथि से 60 दिनों की अवधि के लिए वैध रखी जाएगी। किसी भी उल्लंघन या लापरवाही या अनुबंध की किसी भी शर्त का पालन न करने या असंतोषजनक प्रदर्शन या अनुबंध की किसी भी शर्त का पालन न करने

की स्थिति में कार्य निष्पादन सुरक्षा जमा (जमानत राशि) इस संस्थान के आदेश द्वारा जब्त की जा सकती है। यदि, अनुबंध को अंतिम रूप देने और अनुबंध प्रदान किए जाने के बाद, अनुबंध निबाहने के लिए, सफल बोलीदाता किसी भी स्तर पर किसी भी कारण से असमर्थता दिखाता है, कार्य निष्पादन सुरक्षा जमा (जमानत राशि) को जब्त कर लिया जाएगा। अनुबंध के तहत ठेकेदार के कार्य निष्पादन दायित्वों को पूरा करने के 60 दिनों के बाद प्रदर्शन सुरक्षा का भुगतान किया जाएगा। एन.आई.आई.आर.-एन.सी.डी. द्वारा बोलीदाता को कार्य निष्पादन सुरक्षा जमा (जमानत राशि) और बयाना राशि पर कोई ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**13. जमानत राशि की जब्ती**

13.1 सावधि जमा रसीद / बैंक गारंटी / डिमांड ड्राफ्ट को सक्षम प्राधिकारी के आदेश द्वारा किसी भी उल्लंघन या लापरवाही या अनुबंध के किसी भी नियम / शर्त का पालन न करने या असंतोषजनक प्रदर्शन या कार्य आदेश की गैर-स्वीकृति के मामले में जब्त किया जा सकता है। अनुबंध की समाप्ति पर, उक्त सावधि जमा रसीद / बैंक गारंटी / डिमांड ड्राफ्ट का ऐसा हिस्सा जैसा कि इस कार्यालय द्वारा विचार किया जा सकता है, फर्म को बिलों पर किए गए किसी भी गलत या अधिक भुगतान को कवर करने के लिए पर्याप्त हो, फर्म के बिल की लेखा परीक्षा फाइनल रिपोर्ट प्राप्त करने और उसकी जांच करने तक रखा जाएगा।

13.2 यदि ठेकेदार को कार्य सौंपे जाने के बाद कार्य प्रारंभ करने की तिथि पर कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता है।

13.3 असंतोषजनक प्रदर्शन

13.4 ठेकेदार का गैर-कार्य निष्पादन।

**14. दंड:**

14.1 अनुबंध की किसी भी शर्त के उल्लंघन के मामले में और आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने में विफल रहने के कारण सभी प्रकार के नुकसान के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा ठेकेदार द्वारा दावा किए गए बिलों से या जो इस अनुबंध से या किसी अन्य अनुबंध के तहत ठेकेदार को देय हो सकते हैं या जमानत राशि से यथानुपात आधार पर संबंधित दर से दोगुनी कटौती की जाएगी या उससे सात दिनों के अंदर एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी. को भुगतान करने की मांग की जा सकती है।

14.2 यदि ठेकेदार के संबंधित चार्टर्ड एकाउंटेंट परिसर में नहीं आते हैं या आदेश के निर्धारित समय के भीतर सेवा प्रदान नहीं करते हैं तो 500/- रुपये प्रतिदिन के हिसाब से लगाया जुर्माना जाएगा।

14.3 यदि ठेकेदार आदेश के 7 दिनों के भीतर उद्धृत सेवा प्रदान नहीं करता है, तो 0.5% प्रति सप्ताह का जुर्माना लगाया जाएगा जो अधिकतम कुल आदेश मूल्य का 10% तक हो सकता है ।

14.4 इसके अलावा, इस निविदा दस्तावेज़ के नियम और शर्तों के अनुसार दंड भी मामला दर मामला आधार पर लागू हैं।

14.5 इन शर्तों के तहत सक्षम प्राधिकारी की शक्तियां किसी भी तरह से उसमें निहित अनुबंध को समाप्त करने की और न ही ऊपर उल्लिखित जमानत की जब्ती करने की शक्तियों को प्रभावित या पूर्वाग्रहित नहीं करेंगी जैसा कि यहां प्रदान किया गया है।

**15. अस्वीकरण:**

इस कार्यालय के कर्मचारियों के निकट सम्बन्धियों का इस निविदा में भाग लेना वर्जित है। इस उद्देश्य के लिए निकट संबंधियों को निम्नानुसार परिभाषित किया गया है: -

(क) एक हिंदू अविभाजित परिवार के सदस्य।

(ख) उनके पति या पत्नी।

(ग) पिता, माता, पुत्र (पुत्रों), पुत्र की पत्नी (बहू), पुत्री (पुत्रियों) और पुत्री के पति (दामाद), भाई (भाईयों) और भाई की पत्नी, बहन (बहनें) और बहन का पति (जीजाजी) के रूप में एक दूसरे से संबंधित है।

**16. नियमों और शर्तों का उल्लंघन:**

इस निविदा में उल्लिखित किसी भी नियम और शर्तों के उल्लंघन के मामले में, सक्षम प्राधिकारी को बिना कोई कारण बताए अनुबंध को रद्द करने का अधिकार होगा और उस स्थिति में इस कार्यालय द्वारा कुछ भी देय नहीं होगा और सक्षम प्राधिकारी द्वारा तय की गई अवधि के लिए ठेकेदार की काली सूची में डालने सहित उसकी बैंक गारंटी / डिमांड ड्राफ्ट / सावधि जमा रसीद के रूप में जमा जमानत राशि को नकद के रूप में निकाल लिया जाएगा / जब्त कर लिया जाएगा।

**17. कार्य किसी और को सौंपना (सबलेटिंग):**

फर्म/पार्टी सक्षम प्राधिकारी की लिखित अनुमति के बिना कार्य या उसके किसी भाग को किसी अन्य व्यक्ति या पार्टी को नहीं सौंपेगा या सबलेट नहीं करेगा, जो इसे अस्वीकार करने या स्वीकार करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

**18. भुगतान की शर्तें:**

18.1 कार्य प्रदान करने के आदेश के आधार पर किसी भी बैंक या वित्तीय संस्थान से अग्रिम भुगतान या किसी ऋण की अनुशंसा नहीं की जाएगी। बिलों के भुगतान में बिल जमा करने की तारीख से औसतन लगभग दो सप्ताह का समय लगेगा।

18.2 ठेकेदार कार्य पूर्ण होने पर प्रत्येक स्तर पर बिल की राशि की स्वीकृति एवं भुगतान हेतु बिल पास करने के लिए संतोषजनक रिपोर्ट के साथ बिल प्रस्तुत करेगा। पिछले महीने के संबंध में जीएसटी के लिए भेजी गई रकम का विवरण, यदि कोई हो, को भी चालू महीने के बिल के साथ संलग्न किया जा सकता है।

18.3 सभी भुगतान फर्म/कंपनी के नाम पर केवल चेक/पीएफएमएस द्वारा या नियमानुसार किए जाएंगे।

18.4 सक्षम प्राधिकारी किसी भी भुगतान को पूर्ण या आंशिक रूप से रोकने के लिए स्वतंत्र होंगे बशर्ते कि पूर्ववर्ती पैराग्राफ में उल्लिखित दंड की वसूली हो।

18.5 अनुबंध के अलग खंडों द्वारा शासित बयाना राशि और सुरक्षा जमा को छोड़कर इस पैराग्राफ में उल्लिखित शब्द "भुगतान" में इस अनुबंध के कारण ठेकेदार को होने वाले सभी प्रकार के भुगतान शामिल हैं।

18.6 आई.सी.एम.आर.-एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी. द्वारा यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता या किसी अन्य प्रकार का भत्ता/शुल्क नहीं दिया जाएगा। ठेकेदार को अपने खर्चे पर व्यवस्था करनी होगी।

18.7 उपयोगकर्ता द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित और मुहर लगी लॉग बुक/कार्य आदेश के साथ दो प्रतियों में बिल भेजा जाना चाहिए और अगले महीने के पहले सप्ताह तक भुगतान के लिए आई.सी.एम.आर.-एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी. के स्टोर/संबंधित अनुभाग को भेज दिया जाना चाहिए।

18.8 ठेकेदार द्वारा प्रदान की गई सेवा असंतोषजनक होने पर उसे कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

**<u>19. अनुबंध की अवधि:-</u>**

19.1 अनुबंध शुरू में एक वर्ष की अवधि के लिए होगा और निदेशक, एन.आई.आई.आर.-एन.सी.डी. जोधपुर के निर्णय के अनुसार समान नियम और शर्तों पर, एजेंसी के संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर एक और एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।

19.2 सामान्य स्थिति में दोनों ओर से कारणों के साथ कम से कम एक महीने का लिखित नोटिस देने के बाद अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।

19.3 असंतोषजनक प्रदर्शन के मामले में, निदेशक के निर्णय पर अनुबंध को किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है।

19.4 निविदा की स्वीकृति और आई.सी.एम.आर.- एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी. से आदेश प्राप्त होने पर विक्रेता द्वारा अनुबंध तुरंत (1 सप्ताह के भीतर) निष्पादित किया जाएगा।

**20 ठेकेदार**

20.1. ठेकेदार किसी भी स्थिति में सेवाओं के लिए लीज/ट्रांसफर/सबलेट/कार्यवाहक नियुक्त नहीं करेगा।

20.2 अधिकारियों के साथ सभी संचार के लिए ठेकेदार जिम्मेदार होगा। इस उद्देश्य के लिए उसके पास टेलीफोन और कॉल लेने के लिए कार्मिकों सहित एक उचित कार्यालय होना चाहिए।

20.3. असंतोषजनक या गैर-पेशेवर व्यवहार के परिणामस्वरूप अनुबंध की समाप्ति होगी। सेवा की गुणवत्ता और यहां उल्लिखित नियमों और शर्तों का पालन न करने के परिणामस्वरूप जमानत राशि के नकदीकरण के साथ अनुबंध को तुरंत समाप्त कर दिया जाएगा।

20.4 ठेकेदार अपने और अपने कर्मियों के बीच उत्पन्न होने वाले किसी भी/सभी विवादों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार होगा और इस कार्यालय को सभी कार्यों, हानियों, नुकसानों, खर्चों और दावों के लिए क्षतिपूर्ति करता रहेगा, चाहे जो भी हो।

20.5 ठेकेदार अपने कर्मियों को मजदूरी/वेतन, अन्य लाभों और भत्तों के भुगतान के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होगा जो सरकार के किसी भी अधिनियम या आदेश के तहत लागू हो सकते हैं। इस संबंध में एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी. का कोई दायित्व नहीं होगा

20.6. ठेकेदार अपनी सेवा/उपकरण के कारण कार्यालय के कर्मचारियों को किसी भी नुकसान या क्षति के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होगा और प्रभावित को किसी भी चोट या किसी अन्य नुकसान के लिए पूर्ण मुआवजे का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी होगा।

20.7. ठेकेदार के पास इस सेवा के लिए प्रशिक्षित और अनुभवी चार्टर्ड एकाउंटेंट होने चाहिए।

20.8 इस निविदा दस्तावेज में उल्लिखित किसी भी नियम और शर्तों के उल्लंघन के मामले में, सक्षम प्राधिकारी के पास अनुबंध को तुरंत समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित है और स्थिति के आधार पर इसे दूसरे सबसे कम बोली लगाने वाले (एल 2) या तीसरे सबसे कम बोली लगाने वाले (एल 3) की एल 1 दरों पर प्रदान किया जा सकता है। ऐसे मामलों में, मूल अनुबंध के लिए कोई भुगतान (लंबित या भविष्य) जारी नहीं किया जाएगा।

**21. कीमतें**

21.1 सेवा प्रदाता द्वारा अनुबंध के तहत दी गई सेवाओं की दरें अपनी बोली में उद्धृत दरों से अधिक नहीं होंगी।

21.2 अनुबंध के पहले छह महीनों के दौरान किसी भी कारण से कोई वृद्धि स्वीकार्य नहीं है।

22. संशोधन की सामग्री/कार्यक्रम को संबंधित वेबसाइटों के माध्यम से अधिसूचित किया जाएगा और ये संशोधन सभी संभावित बोलीदाताओं के लिए बाध्यकारी होंगे।

23. इस अनुबंध से उत्पन्न होने वाले सभी विवाद केवल राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन होंगे।

निदेशक

अनुबंध-I

## बोली लगाने वाले की प्रोफाइल

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा जमा कराने वाली कंपनी/फर्म/एजेंसी का नाम (पंजीकरण का प्रमाण पत्र संलग्न करें) | |
| 2 | फर्म का प्रकार अर्थात स्वामित्व/साझेदारी या कंपनी अधिनियम 1956 के तहत पंजीकृत कंपनी (स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें) | |
| 3 | कंपनी/फर्म/एजेंसी के मालिक/निदेशक का नाम | |
| 4 | टेलीफोन नंबर, फैक्स नंबर और ई-मेल के साथ पंजीकृत कार्यालय का पूरा पता | |
| 5 | टेलीफोन नंबर, फैक्स नंबर और ई-मेल के साथ परिचालन / शाखा कार्यालय का पूरा पता | |
| 6 | पैन / जी.आई.आर. / टैन नंबर (स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें) | |
| 7 | जी.एस.टी. पंजीकरण संख्या (स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें) | |

8. पिछले पांच वर्षों के दौरान केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा दो वर्ष या उससे अधिक समय के संतोषजनक कार्य के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र / प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित प्रति। इसका सारांश दिए गए प्रारूप में कालानुक्रमिक क्रम में सारणीबद्ध किया जा सकता है: -

| क्रम सं. | पता, टेलीफोन और फैक्स नंबर के साथ ग्राहक का विवरण | अनुबंध की राशि (रु. लाख) | अवधि के लिए अनुभव प्रमाण पत्र | |
|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक |
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

(यदि प्रदान किया गया स्थान अपर्याप्त है, तो एक अलग शीट संलग्न की जा सकती है)

9. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो (यदि आवश्यक हो तो अलग शीट संलग्न करें)

• नाम:

• दिनांक:

• स्थान:

•अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर

• मुहर:

अनुबंध- II

**डी.ओ.टी./ सरकारी विभाग द्वारा निविदा में भाग लेने से ब्लैकलिस्टिंग/गैर-ब्लैकलिस्टिंग के संबंध में घोषणा**

**(बोलीदाता के पत्र शीर्ष पर)**

मैं/हम मैसर्स के मालिक/साझेदार/निदेशक------------------------------------- ------------------------------------------------ -- ------------------------- एतद्द्वारा घोषणा करते हैं कि फर्म/कंपनी, जिसका नाम मेसर्स ------------ ----------------- ------------------------------- ------------------- है; को एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी. या किसी अन्य सरकारी संगठन द्वारा सरकारी निविदाओं में भाग लेने से पूर्व में काली सूची में नहीं डाला गया है या प्रतिबंधित नहीं किया गया है।

या

मैं/हम मैसर्स के मालिक/साझेदार/निदेशक------------------------------------- ------------------------------------------------ -- -------------------------------------- एतद्द्वारा घोषणा करते हैं कि फर्म/कंपनी, जिसका नाम मैसर्स .----------------- -------------------------------------------- ----------------------------- है; को दिनांक से--------------------लागू ---------- वर्षों के लिए एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी., या किसी अन्य सरकारी विभाग द्वारा सरकारी निविदाओं में भाग लेने से प्रतिबंधित या प्रतिबंधित कर दिया गया था। यह अवधि दिनांक --------------------- को समाप्त हो गई है और अब फर्म/कंपनी सरकारी निविदाओं में भाग लेने की हकदार है।

यदि उपर्युक्त जानकारी गलत पाई जाती है तो मैं /हम पूरी तरह से जानते हैं कि निदेशक, एनआईआईआरएनसीडी, जोधपुर द्वारा निविदा/अनुबंध को अस्वीकार/रद्द कर दिया जाएगा और बयाना बयाना राशि/ जमानत राशि को जब्त कर लिया जाएगा।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, निदेशक, एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी., जोधपुर किसी भी पूर्ण/आंशिक रूप से पूर्ण किए गए कार्य के लिए बिलों का भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं होंगे।

हस्ताक्षर ---------------------------------

दिनांक:

नाम ---------------------------------

फर्म की मुहर लगानी होगी।

क्षमता जिसमें हस्ताक्षर किए गए हैं:

फर्म का नाम और पता:

अनुबंध-III

# घोषणा

**(बोलीदाता के पत्र शीर्ष पर)**

**एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी., जोधपुर में ठेकेदार के किसी निकट संबंधी (रिश्तेदारों) के कार्यरत ना होने के संबंध में**

मैं .................................................पुत्र / श्री .............................. ...............

निवासी ………….............................................. .................... एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूँ कि निविदा दस्तावेज में परिभाषित मेरा कोई भी रिश्तेदार नीचे दिए गए विवरण के अनुसार एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी., जोधपुर में कार्यरत नहीं है। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य/गलत है, तो एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी. को मुझे बिना किसी पूर्व सूचना के कोई भी कार्रवाई करने का पूर्ण अधिकार होगा।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर मुहर सहित

निकट संबंधी (ओं) का अर्थ है:

ए) एक हिंदू अविभाजित परिवार के सदस्य;

बी) जीवनसाथी।

सी) पिता, माता, बहन, भाभी, बेटी, बहू, भाई, साला आदि

स्वामित्व फर्म के मामले में, प्रमाण पत्र मालिक द्वारा दिया जाएगा और साझेदारी फर्म के मामले में सभी साझेदारों द्वारा और लिमिटेड कंपनी के मामले में कंपनी के सभी निदेशकों द्वारा या सभी निदेशकों की ओर से कंपनी सचिव द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा। कंपनी या फर्म या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा इन शर्तों का उल्लंघन करने पर, निविदा/कार्य रद्द कर दिया जाएगा और किसी भी स्तर पर जब भी ऐसा पाया जाएगा तो बयाना राशि/ जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी। यह विभाग कंपनी या फर्म या संबंधित व्यक्ति को कोई हर्जाना नहीं देगा। कंपनी या फर्म या व्यक्तियों को संबंधित इकाई में आगे की भागीदारी के लिए भी प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

निविदाकर्ता/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर

स्थान:

दिनांक:

निविदाकर्ता का नाम

निविदाकर्ता की मुहर

अनुबंध -IV

**घोषणा**

**(बोलीदाता के पत्र शीर्ष पर)**

**वेब साइट से डाउनलोड किए गए निविदा दस्तावेज की छेड़छाड़ ना करने के लिए**

मैं ..........................................(अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता) एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि प्रस्तुत किए गए निविदा दस्तावेज वेबसाइट https://eprocure.gov.in/ https://niirncd.icmr.org.in/ https://icmr.gov.in/ से डाउनलोड कर लिए गए हैं और डाउनलोड किए गए दस्तावेज़ में कुछ भी जोडा/हटाया/सुधारा नहीं गया है। मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मैंने बयाना राशि के लिए निविदा दस्तावेज की लागत हेतु ........... रुपये का डी.डी. संलग्न किया है।

निविदाकर्ता/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर

स्थान:

दिनांक:

निविदाकर्ता का नाम

निविदाकार की मुहर

अनुबंध -V

**घोषणा**

**(बोलीदाता के पत्र शीर्ष पर)**

**कार्यालय में भाग लेने के लिए प्राधिकरण पत्र**

सेवा में,

निदेशक,
एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी., नई पाली रोड,
जोधपुर

विषय: __________________ (तारीख) को _______________ की निविदा में कार्यालय में उपस्थित होने के लिए प्राधिकार

महोदय,

निम्नलिखित व्यक्ति ______________________________________ (बोलीदाता) की ओर से ऊपर उल्लिखित निविदा के लिए कार्यालय में उपस्थित होने के लिए अधिकृत हैं।

प्रतिनिधि का नाम नमूना हस्ताक्षर

1. ________________________ __________

बोलीदाता के हस्ताक्षर

(अधिकतम एक प्रतिनिधि को कार्यालय में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी। यदि ऊपर निर्धारित प्राधिकरण प्राप्त नहीं होता है तो कार्यालय में प्रवेश की अनुमति से मना किया जा सकता है।)

अनुलग्नक- क

# वित्तीय बोली

**(बोलीदाता के पत्र शीर्ष पर)**

| क्रम सं | मद का नाम और विवरण | दर प्रति यूनिट |
|---|---|---|
| 1. | कंपनी/गैर कंपनी चालान के लिए फॉर्म-16 और फॉर्म 16-ए | |
| 2. | कंपनी/गैर कंपनी के लिए टी.डी.एस./जी.एस.टी. चालान | |
| 3. | आयकर रिटर्न जमा करना | |
| 4. | तिमाही/अर्धवार्षिक/वार्षिक जी.एस.टी./टी.डी.एस./आयकर फाइल | |
| 5. | डिजिटल हस्ताक्षरकर्ता प्रमाणपत्र (डी.एस.सी.) और एक्सटेंशन तैयार करना | |
| 6. | उपयोग प्रमाण पत्र और परियोजनाओं के व्यय सत्यापन का विवरण | |
| 7. | कार्यालय के साथ-साथ परियोजनाओं के अर्धवार्षिक/वार्षिक खाते का सत्यापन | |

सभी दरों में कर और सभी प्रकार के अन्य खर्च शामिल होने चाहिए। एन.आई.आई.आर.एन.सी.डी. उपरोक्त दरों के अलावा अन्य भुगतान नहीं करेगा।

बोलीदाता के हस्ताक्षर और मुहर

दिनांक:

स्थान:-

फर्म का नाम

पता